>

Title: Regarding severe heatwave conditions causing hardships to the people belonging to the rural areas in the Country.

श्री रघुराज सिंह शाक्य : उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत ही गम्भीर समस्या की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस समय यह समस्या पूरे देश की है। गर्मी अभी स्टार्ट हुई है और पूरे देश के गांवों में आग लगने की घटनाएं स्टार्ट हो गई हैं। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: This point has been raised by Shri Shailendra Kumar.

श्री रघुराज सिंह शाक्य : उपाध्यक्ष महोदय, देश के अनेक गांवों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। हम लोग चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं। जब गांवों में दौरा करने जाते हैं, तो जनता उम्मीद करती है कि सांसद आए हैं, तो कुछ मदद करेंगे, लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाते हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : यह स्टेट सब्जैक्ट है।

श्री रघुराज सिंह शाक्य : माननीय उपाध्यक्ष जी, स्टेट की सरकारों के पास ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिससे उनकी सहायता की जा सके। जो भी प्रावधान हैं, वे बहुत पुराने हैं और उनके अनुसार कहीं 1000 रुपए और कहीं 2000 हजार रुपए की ही सहायता दी जा सकती है, जो आजकल की महंगाई में उनके साथ मजाक जैसा है। यह दिक्कत सभी सांसदों के साथ है। आग लग जाती है, लोगों के घर जलकर राख हो जाते हैं। लोग खाने के लिए तरस जाते हैं। जानवरों के लिए चारा नहीं होता है। मकान ध्वस्त हो जाते हैं। इसलिए मैं केवल यह निवेदन करना चाहता हूं कि हम लोगों की जो सांसद निधि है, उसमें इस तरह का प्रावधान कर दिया जाए, जिससे सांसद लोग ऐसे तबाह लोगों की कुछ मदद कर सकें। हम लोग जनप्रतिनिधि हैं, जनता ने हमें चुना है, लोग हमसे उम्मीद लगाते हैं कि हम ऐसी स्थिति में उनकी कुछ आर्थिक सहायता करें। यदि यह संभव न हो, तो कोई ऐसा एक विशेष कोष बना दिया जाए जिसमें से सांसद उनकी मदद कर सकें। उनके आवास के लिए, उनके खाने के लिए, उनके जानवरों के लिए कोई आर्थिक सहायता सांसद की ओर से दी जा सके, ऐसी कोई व्यवस्था की जानी चाहिए। धन्यवाद।